# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :183 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | जून 2017


## आर्थिक सहयोग

● **वार्षिक सदस्यता सहयोग**– श्री भँवरलाल डागलिया – 2000/– प्रो एन. एल. गुप्ता – 5000/–

●**छात्रवृत्ति सहयोग**- श्री भंवरलाल पोखरना 5000/–; डॉ. के.एल. तोतावत 5000/–; श्रीमती कल्पना भटनागर 15,000/–

●**अभावग्रस्त को विशेष छात्रवृत्ति हेतु**- हीतावला कन्सट्रक्शन्स–10,000/–

●**लोकविज्ञान हेतु सहयोग** - वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ 6,500/–; नवाचार महिला प्रकोष्ठ –6000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**

## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान : जून अंक के लेख- अंतरिक्ष यात्रा का मार्ग प्रशस्त। शुभ है छिपकली का घर में होना। विद्युत-चुम्बकीय स्पेक्ट्रम : एक परिचय। मशरूम : एक पौष्टिक खाद्य।**

●**एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम**

**आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम** -

इस कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली गाँव में दिनांक 9 जून को **प्रो. वींरिन्द्र नेपालिया** विभागाध्यक्ष की खरीफ की मुख्य फसलों पर वार्ता रखी गई। उन्होंने मक्का की कई नई किस्में जो अधिक आमद देनी वाली हैं उनकी जानकारी दी तथा कृषि विधियों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर विज्ञान समिति से **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री मुनीश गोयल, श्री शांतिलाल भंडारी, श्री जे.एन. कविराज एवं श्री रविन्द्र भटनागर** उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के बाद श्री इन्द्रसिंह की वर्मी कम्पोस्ट यूनिट देखी एवं **श्री भंवरसिंह जी** के यहाँ जुलाई में नई यूनिट लगाने का स्थान चुना गया। **श्री घीसू लाल मेघवाल** की नई यूनिट भी देखी। भिंडी और ग्वार के कुछ डिमोन्सट्रेशन भी देखे।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** 21 जून को देवाली गांव के विद्यालय में योगाभ्यास कराया गया जिसमें **श्रीमती मंजुला शर्मा** एवं पतंजलि की **श्रीमती तारा चौहान** प्रशिक्षक थे। लगभग 70 महिला पुरुष उपस्थित थे।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 10 जून 2017 को इस प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। प्रशिक्षिका **श्रीमती दीपिका जैन** ने क्रीमी पान शेक, नारियल की ठंडाई, मेंगो फ्रूटी, ओरियो शेक आदि सिखाए जो महिलाओं को बहुत पसन्द आए। **श्रीमती बेला जैन** की वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई तथा सभी उपस्थित सदस्याओं को जल पान कराया गया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की बैठक 20 जून 2017 को आयोजित की गई जिसमें 70 महिलाएं उपस्थित थी। कुछ आमोद–प्रमोद के कार्यक्रम आयोजित हुए। कवि **श्री डालमचन्द दाड़म** ने अपनी हास्य–रस की कविताओं से सबको बहुत हंसाया। श्रीमती पुष्पा कोठारी एवं श्रीमती निर्मला शाह ने उपरणा ओढ़ाकर एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया।

● **विशेष आर्थिक सहायता** -प्रतिभावान एवं मेधावी छात्रा **सुश्री अदिती चौधरी सुपुत्री श्री सुनील चौधरी** जो अभी दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलतराम कॉलेज में अध्ययन कर रही है उसको उसके पिताश्री की प्रार्थना पर तथा आवश्यक जानकारी करने के बाद रु. 15,000 की छात्रवृति प्रदान की तथा उसके पिताश्री को 50,000रु/– का ऋण दिया गया। इस बालिका को हमने पिछले वर्ष 11 जुलाई को मेधावी छात्र के रूप में सम्मानित किया था।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर : आज का दिन वार्षिक समारोह के रूप में मनाया गया । डॉ. के एल कोठारी** की अध्यक्षता में कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना के साथ हुआ।

जीवन पच्चीसी की जानकारी पर प्रतियोगिता हुई जिसमें चन्देसरा की **हेमलता मेनारिया** प्रथम रही। हिन्दी हेन्डराईटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें तीन मिनट का समय दिया गया था। 13 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें टूस डांगियान की **किरण लौहार** विजेता रही। अगली प्रतियोगिता अंग्रेजी–हिन्दी के शब्दों के ''**सही जोड़े बनाओ**'' की थी, जिसे

**श्री प्रकाश तातेड़** ने आयोजित की। इसमें **रजनी जैन, रोहिणी शर्मा, मनीषा शर्मा ,** चन्देसरा ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुछ अशिक्षित महिलाओं से मौखिक प्रश्न पूछे गए। जिसमें देवाली ग्राम की **धापू बाई , बेबी मेघवाल व मंजु मेघवाल** विजेता रही।

संगीत प्रतियोगिता में 9 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें टूस डांगियान की **पायल सुथार** प्रथम रही इस प्रतियोगिता के निर्णायक **श्री पीयूष सुधाकर** थे। पायल सुथार के 12वीं में 91% से अधिक अंक प्राप्त करने पर **डॉ. के एल कोठारी** द्वारा रू 100/– एवं पीयूष जी ने संगीत में प्रथम आने पर रू 50/– ईनाम स्वरूप दिये।

चित्रकला प्रतियोगिता का संचालन कु. प्रतीचि अविनाश भटनागर ने किया । थीम था –''**सावन मेरे आंगन**'' जिसमें, **प्रथम पायल सुथार** (टूस डांगियान ), द्वितीय **किरण लौहार** एवं तृतीय **किरण पुरोहित** रही।

वार्षिक रिपोर्ट **डॉ. शैल गुप्ता** ने रखी। आज के कार्यक्रम की **मुख्य अतिथि** विज्ञान समिति की नई संरक्षक सदस्य एवं वरिष्ठ महिला समूह की सदस्या **श्रीमती निर्मला शाह** थी। जिन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि वे इन कार्यक्रमों से विशेषकर बालिकाओं के मार्गदर्शन में सहयोगी बनेंगी।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। भोजन एवं यात्रा व्यय दिया गया एवं पौध वितरण किया गया। शिविर व्यवस्था **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने की। **आज के कार्यक्रम में टूस डांगियान पायल सुथार मेधावी एवं प्रतिभा सम्पन्न बालिका सिद्ध हुई जिसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।**

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जून माह में 10 शिविर हुए जिसमें 172 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में अड़तालीसवां शिविर दिनांक 18 जून 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. अरूण बापना,** वरिष्ठ चिकित्सक, **डॉ.अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **श्री मुर्तजा हुसैन एवं श्री कमलेश शर्मा**–ब्लड शुगर जांच; **श्री बी.एल.पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 55 नागरिकों का (15 सामान्य, 13 हृदय, 16 मधुमेह, 4 अस्थि रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 3 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **उनपचासवां शिविर 16 जुलाई 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा। **इस माह से वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. शोभालाल औदिच्य भी अपनी सेवाएं नियमित रूप से देंगे।**

शिविर में **डॉ. बी.एल. चावत** एवं **श्री राजेन्द्र खोखावत** ने विशेष सेवाएं दी।




## विश्व पर्यावरण सप्ताह

इस बार विज्ञान समिति में पर्यावरण सप्ताह मनाया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो. आर.के.गर्ग एवं श्री एस. के. वर्मा इसके वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. के.एल. कोठारी ने की। 6 जून को परिसर सफाई अभियान रखा गया जिसमें छतों की, मुख्य द्वार के पास, कार्यालय की सफाइ की गई। 8 जून को 9 सदस्य मेवाड़ जैव विविधता पार्क, अम्बेरी देखने गए। दो घंटे भ्रमण करके पौधों की अनेक जातियों को देखा। जो सचमुच काफी शिक्षाप्रद था। 9 जून को देवाली में पर्यावरण सम्बन्धी विस्तृत चर्चा रखी गई। 10 जून को दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ में पर्यावरण संरक्षण में जैन सिद्धान्तों का महत्त्व विषय पर चर्चा हुई तथा इसी दिन नवाचार महिला समूह में भी पर्यावरण सम्बन्धी चर्चा हुई और सदस्य महिलाओं ने कई तरह के संकल्प लिए।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक

**इंजी एलबी बक्षी स्मृति अष्टम संगोष्ठी–** इस संगोष्ठी को 17 जून को समिति के ''मैडम क्यूरी'' सभागार में आयोजित किया गया। संगोष्ठ के मुख्य अतिथि **डॉ. बी.पी. भटनागर** पूर्व कुलपति राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय तथा **मुख्य वक्ता इंजीनियर आर. के.चतुर** थे। अध्यक्षता **डॉ. के.एल. कोठारी** ने की। **श्री आर.के चतुर** ने उदयपुर के विकास पर मंथन विषय पर मुख्यतः शहर क पार्किंग तथा जल समस्या के बारे में विस्तार से बताया। देवास 3 व 4 योजनाओं का पानी किस प्रकार उपयोगी हो सकता है पर प्रकाश डाला।

**डॉ. के.एल. कोठारी** ने बक्षी सा. पर स्वरचित कविता का पाठ किया। **प्रो. जे.एन. कविराज** ने भजन की प्रस्तुति दी। **इंजी एल बी बक्षी** के सम्बन्ध में परिवारजन एवं परिचितों ने अपने विचार रखे।

एम बी कालेज पूर्व छात्र परिषद एवं भटनाग सभा, उदयपुर सह आयोजक थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने किया तथा आभार प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के संयोजक **श्री मुनीश गोयल** ने किया। प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की बैठक इस संगोष्ठी के साथ समाहित की गई।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

प्रकोष्ठ की 10 जून को हुई बैठक में **डॉ. आर.एल. जैन** द्वारा मंत्र, यंत्र, तंत्र पर वार्ता दी गई जो काफी रुचिकर रही। पर्यावरण पर भी चर्चा हुई । बैठक में 17 सदस्य उपस्थित थे।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का 44 वां अंक (जून 2017) प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## अन्य बिन्दु

● **जैन विश्व भारत लाडनू** को विज्ञान समिति में केन्द्र खोलने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।

● 2 जून को केन्द्रीय कारावास में हर वर्ष की भांति कार्यक्रम रखा गया जिसमें उपस्थित केदियों के साथ प्रार्थनाएं, प्रश्नोत्तर, प्रेरणात्मक संदेश दिए गए। **डॉ. एन. एल. गुप्ता, डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. के.एल. तोतावत, श्री शांतिलाल भंडारी, श्री मुनीश गोयल** आदि उपस्थित थे।

## सदस्यों सबंधी

● हमारी सदस्या और महिला सशक्तिकरण की अध्यक्षा **प्रो. सुशीला अग्रवाल** की भतीजी डॉ. रागिनी के पुत्र **डॉ. सौम्य अग्रवाल** ने K.L.E. University, कर्नाटक से ऑर्थोपेडिक में एम एस किया है तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस मेधावी युवती ने अपने विद्यार्थी काल में ही नौ अनुसंधान पत्र अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किये तथा चौदह पत्र राष्ट्रीय जर्नल में। उनको अपनी थिसीस पर भी सर्वश्रेष्ठता का अवार्ड मिला है तथा यंग मेडिकल एचीवर अवार्ड 2017 भी प्राप्त हुआ है, हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **डॉ. पी.एम. अग्रवाल** सपत्नी अपने पुत्र के यहाँ 1 जुलाई को अमेरिका पधारे हैं। अक्टोबर में लोटेंगे। **शुभकानाएं।**

● उपाध्यक्ष **डॉ. के एल तोतावत** के सुपौत्र **पल्लव तोतावत** का CBSE 12 वीं की परीक्षा में 90.4% अंक प्राप्त करने एवं IIT, वाराणसी (BHU) में Electronics विषय में प्रवेश होने पर **हार्दिक बधाई।**

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष रोटरी के पूर्व प्रांतपाल **डॉ. यशवंत कोठारी** ने अपनी पुस्तक स्वस्थ रहें, सुखी रहें का नवीन संस्करण प्रकाशित किया है जो अधिक उपयोगी है। **हार्दिक बधाई !**

● **श्री प्रकाश तातेड़ –** आपकी नवीन पुस्तक **'आओ! करें बुद्दि का विकास'** इसी माह प्रकाशित हुई है। पुस्तक विद्यार्थियों के लिये अत्यंत उपयोगी है। 120 पृष्ठ की पुस्तक का मूल्य 150/–रु. है। **नवागत का स्वागत एवं लेखक को बधाई।**

● **श्री अविनाश भटनागर** – पूर्व चेयरमैन, इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मेटेरियल्स मैनेजमेन्ट का आई आई एम एम नेशनल काउन्सलर के पद पर निर्वाचन हुआ। **बधाई !**

● **डॉ. प्राची भटनागर** ने आइडीए अहमदाबाद द्वारा न्यूट्रीजीनोमिक्स का कोर्स किया एवं आंकलन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। **बधाई !**

● हमारी कार्यकारिणी सदस्या तथा योग प्रभारी **डॉ श्रीमती शैल गुप्ता** ने 21 जून 2017 तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय स्तर पर बड़गाँव पंचायत समिति में होने वाले कार्यक्रम में योग कराया। बड़गाँव प्रधान व अन्य राजकीय अधिकारी उपस्थित थे। उन्हें सम्मानित भी किया गया।

● **श्री प्रकाश तातेड़–** आप दिनांक 11 से 23 जून तक अणुव्रत विश्व भारती राजसमन्द में तुलसी स्मृति समारोह हेतु उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न दायित्वों के सुचारु निष्पादन के लिए उन्हें संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। **बधाई।**

● हमारे सदस्य **डॉ. जैनेन्द्र दोशी** की पौत्री **सुश्री चांदनी दोशी** ने मेसाच्यूसेट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी(एमआईटी) यू.एस.एस. में संपन्न वार्षिक समारोह में बेचलर ऑफ कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। **हार्दिक बधाई।**

● हमारे वरिष्ठ सदस्य **डॉ. एन.एल. गुप्ता** सपत्नी उनके ज्येष्ठ पुत्र **डॉ. राकेश** के यहाँ जयपुर पधारे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की **शुभकामनाएं।**

● हमारे उपाध्यक्ष **डॉ. के.एल तोतावत** ने 20 जून 2017 को अपने विवाह के 50 वर्ष पूर्ण किए। उन्हें **हार्दिक बधाई।**

● **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने मई–जून माह में उत्तराखंड के चार धाम की 25 दिवसीय तीर्थयात्रा की। **हार्दिक बधाई।**

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**July**

| | |
|---|---|
| Dr. Lalit Kumar Kothari | 01/07 |
| Sh.R.K. Bhargav | 01/07 |
| Dr. Sohanraj Tated | 05/07 |
| Sh.Pawan Kothari | 05/07 |
| Dr.Surendra Changani | 06/07 |
| Dr. S.L. Bapna | 08/07 |
| Smt.Chandrakanta Bhandari | 08/07 |
| Dr. L.L. Dhakar | 14/07 |
| Sh. Lokesh Joshi | 16/07 |
| Smt. Manjula Sharma | 20/0/7 |
| Sh.D.C. Kothari | 24/07 |
| Dr. K.B.Sharma | 28/07 |

**June**

| | |
|---|---|
| Smt. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Sh. Munish Goyal | 04/08 |
| Sh. Ganpat Lal Porwal | 08/08 |
| Sh. Raj Lodha | 14/08 |
| Sh. N.C. Jain | 22/08 |
| Sh. R.K.Bolia | 23/08 |
| Sh. Parag Kothari | 28/08 |
| Sh. Rakesh Samar | 31/ 08 |



**डॉ. एन.एल. गुप्ता एवं श्री आर.के. खोखावत का** जन्मदिन 1 जून को समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

**डॉ. के.एल कोठारी का जन्म दिन एक सादे समारोह में 30 जून को मनाया गया।**

## श्रद्धांजलि

**स्वतंत्रता सेनानी श्री केसरसिंह जी सिसोदिया** विज्ञान समिति के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य (1961–63) का आकस्मिक निधन दिनांक 30 जून 2017 को उनके ज्येष्ठ पुत्र श्री चंद्र प्रकाश जी के यहां जयपुर में हुआ। पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को विदाई दी गई। समिति की ओर से सादर श्रद्धांजलि।

## विज्ञान समिति के जुलाई माह के कार्यक्रम

• **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

• **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 16 जुलाई 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | सोमवार 10 जुलाई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ महिला सशक्तीकरण बैठक | मंगलवार 11 जुलाई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | बुधवार 12 जुलाई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शुक्रवार 20 जुलाई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | शनिवार 22 जुलाई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | शनिवार 29 जुलाई | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ पद्म विभूषण डॉ. दौलतसिंह कोठारी विज्ञान एवं दर्शन संगोष्ठी | गुरूवार 06 जुलाई | अपराह्न 02.00 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

**बुक-पोस्ट**

**प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर**

सेवा में

### अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**